卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 116 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦31 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# विलुप्त होती बर्ड प्रजातियों का संरक्षण जरूरी - धामी

## कोटद्वार में दो दिवसीय बर्ड फैस्टिवल का धामी ने किया शुभारम्भ,देशभर से हजारों की संख्या में पहुंचे पक्षी प्रेमी

कोटद्वार(उद सवांददाता)। देवभूमि में पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं जिन्हें बचाने के लिए इनका संरक्षण यहां लगाई गई प्रदर्शनी में समूह की बहनों द्वारा स्टॉलों पर प्रदर्शित किये गये स्थानीय उत्पादों के देखकर काफी प्रभावित हुए हैं। लुप्त होती जा रही हैं। इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस क्षेत्र के में साइबेरियन पक्षियों के साथ ही अन्य कई देशों के पक्षी आते है। जो हमारे जीवन के परिणीति तत्र को बढ़ावा देते है। उन्होने से शुरू हुए दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल को लेकर उत्साह का माहौल दिखाई दिया। लैंसडौन वन प्रभाग और जिला प्रसिद्ध श्रीसिद्धबली हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद





करना जरूरी हो गया है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कोटद्वार में आयोजित दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने सम्बोधन में कही । उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा स्थानीय उत्पादों की बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। श्री धामी ने कहा कि देवभूमि में पूर्व में पक्षियों की कई प्रजातियां मौजूद थीं। परंतु धीरे-धीरे अब कई प्रजातियां चहुंमुखी विकास के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। आज उन्होंने 320 करोड़ की 62 विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा प्रदेश में प्रति वर्ष हजारों की संख्या कहा कि वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा निरंतर कई प्रयास किये जा रहे है। साथ ही वन्य जीव और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्य कियें जा रहे है। पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में आज प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से बर्ड वॉचिंग के शौकीन और प्रकृति प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचे। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम से पूर्व वे स्नेह क्षेत्र में आयोजित बर्ड फेस्टिवल स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने आयोजन का उद्घाटन किया और वन विभाग तथा जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। इससे पहले(शेष पृष्ठ सात पर)

# रोड़वेज परिसर से हटाया अवैध कब्जा

## भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त किया अवैध निर्माण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः रोड़वेज परिसर में निर्माणाधीन इंटरस्टेट बस टर्मिनल के निर्माण में बाध से ढ़हा दिया गया। जानकारी के अनुसार रोड़वेज परिसर में वर्कशाप के समीप पूर्व में अनेक अवैध कब्जों को प्रशासन द्वारा टर्मिनल के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही थी। आज नायब तहसीलदार व हल्का पटवारी की मौजूदगी में निर्माण संस्था के विरोध किया कि उनका इस सन्दर्भ में न्यायालय बाद विचाराधीन है। बिना न्यायालय के फैसले के एक तरफा




क बने एक अवैध कब्जे को निर्माण संस्था द्वारा तहसील कर्मियों व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों की मदद हटा दिया गया था। परंतु कुछ कब्जे अभी भी शेष रह गये थे। जिस कारण रोड़वेज परिसर में निर्माणाधीन इंटरस्टेट बस लोग जेसीबी मशीनें लेकर मौके पर आ पहुंचे। जिन्हें देखकर प्रभावित भवन स्वामी पवन सक्सेना ने यह कहकर कार्रवाई करना कानून के खिलाफ है। उनका यह भी कहना था कि वह रोड़वेज की(शेष पृष्ठ सात पर)

# आईजी की सख्ती,करोड़ों की स्मैक-कैप्सूल बरामद

हल्द्वानी/किच्छा। उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड अभियान को कुमाऊँ परिक्षेत्र में ठोस और प्रभावी रूप देते हुए पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल के



निर्देशन में कुमाऊँ पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई न केवल नशा तस्करों के लिए स्पष्ट चेतावनी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि धामी सरकार की नीति और कुमाऊँ पुलिस की(शेष पृष्ठ सात पर)

# सड़क-नाली को लेकर भड़का जनाक्रोश

## नगर पंचायत की अनदेखी पर सड़को पर उतरे लोग

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर पंचायत क्षेत्र के सड़क और जलनिकासी की समस्या को लेकर शनिवार को वार्डवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। वार्ड नंबर तीन में वार्ड के सभासद नारायण मंडल और वार्ड पांच के सभासद प्रतिनिधि सौरभ मंडल के नेतृत्व में दर्जनों लोग नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे



और धरना-प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत द्वारा लंबे समय से उनके वार्ड की अनदेखी की जा रही है, जबकि विकास कार्यों के लिए मिलने वाली सरकारी धनराशि का सही उपयोग नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि निकासी व्यवस्था न होने और सड़कों की हालत खराब होने के कारण बरसात के दिनों में पूरे वार्ड में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। बारिश का पानी घरों में घुस जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। वार्डवासियों का कहना था कि वे पिछले काफी समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा सका है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जल्द से जल्द पक्की सड़क निर्माण और नालियों की व्यवस्था कराने की मांग की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संबंधित कॉलोनी बहुत पहले एक कॉलोनाइजर द्वारा विकसित की गई थी। नियमानुसार कॉलोनी में जलनिकासी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए थी, लेकिन वर्तमान में पानी निकालने के लिए कोई स्पष्ट निकासी मार्ग उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते नाली निर्माण में तकनीकी और व्यवहारिक कठिनाइयां(शेष पृष्ठ 7 पर)

# प्लांट को शिफ्ट की मांग को लेकर धरना जारी

## महाजन ने धरने को दिया समर्थन,बोले-काश्तकारों को उजाड़ना अन्याय

शक्तिफार्म। मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर पीड़ित परिवारों का धरना शुक्रवार को 28 वें दिन भी मजबूती के साथ जारी रहा। धरना स्थल पर दिनेशपुर से पहुंचे पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने आंदोलन को समर्थन देते हुए सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। पूर्व विधायक ने दो टूक कहा कि उन्हें आइसक्रीम प्लांट



से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन गरीब काश्तकारों को उजाड़कर, उनकी उपजाऊ जमीन पर जबरन प्लांट थोपना सरासर अन्याय है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सिडकुल फेस-टू में सैकड़ों एकड़ भूमि खाली पड़ी है, तो सरकार वहीं प्लांट क्यों नहीं लगाती? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझ कर गरीब किसानों की जमीन छीनने पर आमादा है। धरना स्थल पर मौजूद कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने आरोप लगाया कि कृषि भूमि का पट्टा निरस्त कर किसानों से जमीन छीन ली गई, भू-अभिलेखों में उपजाऊ खेतों को बंजर दिखाकर फर्जीवाड़ा किया गया, और इसके बाद सरसों की लहलहाती फसल को रौंदकर मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह खुली लूट और सरकारी दमन का मामला है। उत्तम आचार्य ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष सिर्फ पांच एकड़ जमीन का नहीं है, बल्कि शक्तिफार्म में निरस्त किए गए सभी 216 पट्टों की लड़ाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों के हक में फैसला नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरने में पूर्व दर्जा मंत्री बलवंत सिंह, भगवान पांडे, नारायण हालदार, सुब्रतन पाईक, उषा मिस्त्री, सती मंडल, कविता बाछाड़, सुनील हालदार, प्रशांत मंडल, सागर मंडल, सुभाष मंडल,(शेष पृष्ठ 7 पर)

# मुख्यमंत्री ने दी अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए 195 करोड़ रूपये की धनराशि की मंजूरी

## धराली आपदा के प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से रू. 6.67 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क सुरक्षा, सौंग बांध निर्माण, आपदा राहत, सी.एम.घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण स्वीकृतियाँ प्रदान करते हुए इन योजनाओं के लिए लगभग रू. 195 करोड़ की धनराशि जारी करने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा "पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता" (ैब्) योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्माणाधीन सौंग बांध पेयजल परियोजना के अवस्थापना निर्माण कार्यों हेतु रू. 103.80 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही ैब् योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अनुरक्षण मद हेतु रू. 73.11 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा राज्य में नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना और फॉरेंसिक वर्कस्टेशन बनाने की महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत सभी जनपदों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना हेतु रू. 04.83 करोड़ तथा फॉरेंसिक वर्कस्टेशन के लिए आवश्यक



हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस की खरीद हेतु रू. 4.30 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।मुख्यमंत्री ने जनपद उत्तरकाशी की तहसील भटवाड़ी अंतर्गत ग्राम धराली में दिनांक 5 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवनों के प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल रू. 66096800- (रुपये छह करोड़ साठ लाख छियानवे हजार आठ सौ मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। उक्त आपदा से धराली, मुखवा एवं हर्षिल क्षेत्रों में कृषि भूमि को हुई क्षति के लिए भी 64 प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से अतिरिक्त राहत राशि के रूप में कुल रू. 672024- (रुपये छह लाख बहत्तर हजार चौबीस मात्र) की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन स्वीकृतियों से संबंधित शासनादेश भी जारी कर दिए गए हैं।मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित नौ योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री द्वारा रू. 2.21 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिनसे संबंधित शासनादेश भी तत्काल निर्गत कर दिए गए हैं। जारी स्वीकृतियों में जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अंतर्गत रूपिन राजि के अंतर्गत धौला से इस्त्रागाड़- चांगशील पर्यटन मार्ग के मरम्मत कार्य हेतु रू. 43.99 लाख की धनराशि अनुमोदित की गई है। इसके अतिरिक्त जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के विकासखंड मुनस्यारी में धापा से क्वीरी तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य हेतु रू. 54.77 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता में समाज कल्याण विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री की विभिन्न घोषणाओं के अंतर्गत सात योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भी रू. 1.22 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद बागेश्वर के तीन मोटर मार्गों के नाम परिवर्तन किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार बागेश्वर जिले के काण्डे थपलिया मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राम सिंह गडिया मोटर मार्ग, करूली बैण्ड से गाजली बिजौरिया मोटर मार्ग का नाम शहीद स्व. रामदत्त पाण्डेय मोटर मार्ग और बिलखेत गैराड़ मोटर मार्ग (कलनाबैण्ड पंतक्वैराली मोटर मार्ग) का नाम स्व. श्री हीरा सिंह धपोला मोटर मार्ग किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

# सीएम ने की रिवर प्रोटक्शन कार्य एवं डीसिल्टिंग की प्रगति की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत रिवर प्रोटक्शन कार्य एवं डीसिल्टिंग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए सभी कार्य समय से कर दिए जाएं।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा जल संरक्षण, संवर्द्धन एवं संभरण योजनाओं के तहत चेक डैम निर्माण, रिचार्ज शॉफ्ट निर्माण एवं तालाब निर्माण किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा राज्य में 708 चेक डैम बनाये गये हैं। विभाग द्वारा ऊधम सिंह नगर, नैनीताल एवं हरिद्वार में कुल 419 रिचार्ज शॉफ्ट की स्थापना की गयी है। जिससे वार्षिक लगभग 108.94 करोड़ लीटर ग्राउंड वाटर रीचार्ज हो सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि 09 वन प्रभागों में पेयजल विभाग व सारा



के माध्यम से 14 जल स्रोतों के उपचार के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। कैम्पा योजना के अन्तर्गत विभिन्न वन प्रभागों में 247 जल धाराओं का उपचार किया जा रहा है।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग को वनाग्नि की रोकथाम के लिए अभी से पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए मानव संसाधन के साथ ही आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पंचायतों और वन क्षेत्र के आस-पास के लोगों से विभाग का नियमित समन्वय बनाये रखें। वन संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाए, फायर लाइन की समय रहते सफाई की जाए। साथ ही वन भूमि पर होने वाले अतिक्रमण को भी प्राथमिकता पर हटाया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, युगल किशोर पंत एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वालों को किया सम्मानित

## सिडकुल फायर ऑफिस परिसर में 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह -2026 का आयोजन

रूद्रपुर। सिडकुल एंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी, पंतनगर के तत्वावधान में 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह -2026 का आयोजन सिडकुल फायर ऑफिस परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं जागरूकता के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यशाला में लगभग 100 औद्योगिक इकाइयों के सुरक्षा अधिकारी, प्लांट हेड, एचआर हेड सहित सैकड़ों प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यशाला का सफल संचालन वोल्टास लिमिटेड के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी श्री सतीश जोशी द्वारा किया गया। कार्यशाला में आरटीओ विभाग एवं फायर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। वक्ताओं द्वारा सरकार की 4ई नीति पर विशेष प्रकाश डाला गया, जिसमें एनफोर्समेंट (कानून का पालन), इंजीनियरिंग कंट्रोल, इमरजेंसी में सहायता एवं एजुकेशन (जन-जागरूकता) शामिल हैं। इस दौरान सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले दंड के बारे में भी विस्तार से बताया गया। जैसे शराब पीकर वाहन चलाने, खतरनाक स्टंट करने तथा नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर कड़े दंड का प्रावधान है। नाबालिग के वाहन चलाने पर 25,000 का जुर्माना, माता-पिता को 3 वर्ष का कारावास, एक वर्ष तक वाहन का पंजीकरण निरस्त तथा नाबालिग को 25 वर्ष की आयु तक ड्राइविंग लाइसेंस न दिए जाने जैसी सख्त सजाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि वर्ष 2024 में लगभग 1,75,000 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई, जबकि करीब 4.80 लाख लोग घायल हुए। इसका अर्थ है कि प्रतिदिन औसतन 475 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा रहे हैं। इस गंभीर स्थिति से बचने हेतु सभी उपस्थितजनों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई, जिसमें दो-पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, ओवरलोडिंग व ओवर-स्पीडिंग न करने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे नियमों के पालन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान सिडकुल संगठन द्वारा 'नेक राहवीर योजना' के अंतर्गत चार ऐसे व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता कर उनकी जान बचाई। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया, एआरटीओ नवीन सिंह, एआरटीओ मोहित कोठारी, पंतनगर थाना अध्यक्ष नंदन सिंह रावत, सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट, सिडकुल फायर सुरक्षा अधिकारी मदन सिंह रावत, भागवत अधिकारी, सिडकुल संगठन के पूर्व अध्यक्ष अजय तिवारी, अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, सचिव गजेंद्र सिंह, उत्तम सिंह जंतवाल, सचिन कुमार, तपिश कुमार, राजेश कुमार मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों एवं समाज के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना रहा।






**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि., कार्यालय अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, किच्छा (ऊधमसिंह नगर)-263148**

ई-मेल- eddkichha@gmail.com

पत्रांक- 5777/वि.वि.ख.(कि.)/ | **विद्युत बाधित सूचना** | दि. 30.01.2026

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11 के0वी0 उपसंस्थान किच्छा में अनुबन्ध सं0 1351 एवं 1352/C (C&P-I)/41/2023-24/Package K-RDSS-EDC RDR/ Rajshayama/Supply And Erection Date 14-08-2024 के तहत के परियोजना के अन्तर्गत कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्रम0 सं0 | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | 33के0वी0 एस0आर0होण्डा | महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, महिन्द्रा सी0आई0ई0, साई बाबा उद्योग व स्वातिक आहार | 01.02.2026 | प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक |
| 2 | | 33के0वी0 ओल्ड बी0बी0आई0 | ओल्ड बी0बी0आई0 से सम्बन्धित औद्योगिक पोषक | | |

Customer Care Toll Free No- 1912

" Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

(राष्ट्र हित मे बिजली बचायें)

अधिशासी अभियंता


# पहाड़ों में बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में शनिवार को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना है। खासकर प्रदेश के 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के ज्यादा आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो चार फरवरी तक प्रदेशभर के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। हालांकि पांच फरवरी से मौसम शुष्क होगा और ठंड से राहत मिलेगी। उधर, शुक्रवार को मैदान से लेकर पहाड़ तक तेज धूप खिली तो तापमान में इजाफा देखने को मिला। देहरादून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 24.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में भी रहा।

# नशा तस्करों पर करारा प्रहार, तीन करोड़ से अधिक की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

## किच्छा पुलिस और एसटीएफ एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई से कुमाऊं में सप्लाई से पहले ही पकड़ी गई बड़ी खेप

हल्द्वानी/किच्छा। उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड अभियान को कुमाऊँ परिक्षेत्र में ठोस और प्रभावी रूप देते हुए पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में कुमाऊँ पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई की है। ऊधमसिंहनगर जनपद में नशा मुक्त देवभूमि अभियान को और मजबूती देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली किच्छा पुलिस और एसटीएफ-एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरजनपदीय नशा तस्कर को करोड़ों रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। 30 जनवरी 2026 को संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बीरूनगला रोड दरऊ क्षेत्र से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 01 किलो 33 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग तीन करोड़ दस लाख रुपये आंकी गई है। मौके से मोटरसाइकिल संख्या UK 06 AM 1548 भी जब्त की गई। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम सहनवाज पुत्र



इस्तेखार, निवासी इस्लामनगर वार्ड नंबर 15, बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि बरामद स्मैक उसे बरेली जनपद के बहेड़ी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दी थी, जिसे वह सितारगंज क्षेत्र के निवासी हरजिंदर नामक व्यक्ति तक पहुंचाने की तैयारी में था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच में जुट गई है और अन्य संलिप्त तस्करों की तलाश की जा रही है। अवैध स्मैक बरामदगी के आधार पर थाना किच्छा में एफआईआर संख्या 30/2026 के अंतर्गत धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है। इस कार्रवाई में क्षेत्राधिकारी सितारगंज भूपेंद्र सिंह धोनी, प्रभारी निरीक्षक किच्छा प्रकाश सिंह दानू, कुमाऊं यूनिट के निरीक्षक पावन स्वरूप, चौकी प्रभारी दरऊ उपनिरीक्षक पवन जोशी,उपनिरीक्षक विनोद जोशी सहित कांस्टेबल इसरार अहमद, वीरेंद्र चौहान, उमेश सिंह और उमेद गिरी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।




# एसएसपी से की ऑडियो की वाइस सैपलिंग कराने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑडियो मामले में शीघ्र वॉइस सेम्पलींग कराने की माँग को लेकर पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री श्रीमती मीना शर्मा शुक्रवार को सुबह एस एस पी मनिकांत मिश्रा से कार्यालय में मिली, यहाँ श्रीमती शर्मा ने एस एस पी से कहा की एक बर्ष पूर्व उनके चरित्र का हनन करती हुई एक ऑडियो क्लीपिंग जो पूर्व विद्यायक् राजकुमार ठुकराल की आवाज में थी, वायरल



हुई थी, उसको लेकर वह लगातार पुलिस के संपर्क में थी, और वह जल्दी से जल्दी इस मामले का खुलासा चाहती थी। अब देर ही सही लेकिन अब इस मामले में कोतवाली रुद्रपुर में पूर्व विद्यायक् राजकुमार ठुकराल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है, जिसके लिए वह पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करती है । यहाँ श्रीमती शर्मा ने एस एस पी से कहा की इस मामले में वॉइस सेम्पलींग जल्दी से जल्दी हो जिस से इस मामले में सफलता मिले और उन्हें न्याय मिल सके ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा वार्ड 23 से एक युवक गत मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना चौकी पुलिस को दे दी है। माया पत्नी राजीव निवासी रम्पुरा वार्ड 23 ने बताया कि 27 जनवरी की दोपहर उसका पुत्र हर्षित घर से बिना बताये कही चला गया है। उसका आस पड़ोस व अपने सभी रिश्तेदारो में पता किया लेकिन कुछ पता नही चल पाया। पुत्र अपना फोन भी घर पर छोड़ क गया है। उसे डर है कि पुत्र के साथ कोई अनहोनी घटना न घट जायें। पुलिस ने सूचना दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# रोडवेज कर्मियों के सेवानिवृत्ति लाभों की वसूली पर लगाई रोक

नैनीताल। हाई कोर्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम की ओर से कर्मचारियों के सेवानिवृत्त के बाद दिए गए लाभों की वसूली किए जाने के मामले में सुनवाई की। शुक्रवार को अवकाश कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ ने सुनवाई के बाद याचिकाकर्ताओं को सेवानिवृत्त के बाद दिये गए समस्त लाभों की वसूली पर रोक लगा दी। कोर्ट ने याचिकाओं को निस्तारित कर दिया। रोडवेज से रिटायर जगदीश प्रसाद पंत, राम सिंह व सुरेश मासीवाल ने याचिका दायर कर कहा



है कि उत्तराखंड परिवहन निगम में सालों की संतोषजनक सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्त के बाद उनको तमाम लाभ दिए गए, अब निगम अब उनको दिए गए लाभों की वसूली कर रहा है, जो विभागीय नियमावली , हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध है। एक बार दिए गए लाभों को दुबारा कर्मचारियों से नहीं वसूला जा सकता। निगम की ओर से वसूली का आदेश सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के निर्णय के विपरीत है, इसलिए वसूली आदेश पर रोक लगाई जाय। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूर्व के आदेश के क्रम पर उनकी रिकवरी आदेश पर रोक लगाते हुए याचिकाएं निस्तारित कर दी।

# देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने की माघ खिचड़ी वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर इकाई ने शुक्रवार को तिकोनिया मै माघ खिचड़ी वितरण का आयोजन किया। अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल द्वारा आयोजित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर, महामंत्री



राजकुमार केसरवानी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर महानगर महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, हरीश पाण्डेय, बृजमोहन सिजवाली, वीरेंद्र सिंह रौतेला, राकेश वर्मा, विजय गुप्ता, महेंद्र कश्यप, महेश आहूजा, आलोक सक्सेना, रजत गोयल, पंकज अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, कुसुम गोयल, रेनू केसरवानी, आरपी सिंह, जगदीश बेलवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने खिचड़ी वितरण मै सहयोग किया।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 290 रोगियो ने लिया स्वास्थ्य लाभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 290 रोगियो को निशुल्क जांच सुगर ब्लड प्रेशर हीमोग्लोबिन सीबीसी, ईसीजी आदि की जाँच गई। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य एव मेडिकल सप्टेंडेंट प्रोफ डॉ विनय खुल्लर ने बताया शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर, जोड़ो के दर्द , गठिया, कमर दर्द के रोगी आये। जिनका



पंचकर्म विधि से चिकित्सा भी की गई। इसके अतिरिक्त त्वचा रोगी, पेट के रोगी, शेष सामान्य एव मोसमी बुखघर एव खघसी के रोगी मिले। जंकी ब्लड की जांचे डॉ नीतू ने की।पंचकर्म विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ स्वाति भट्ट ने रोगियो का पंचकर्म किया ।डीएमएस डॉ स्वप्निल ने बताया अगले माह तक चिकित्सालय में सभी कुछ निशुल्क होगा। शिविर में डॉ नेहा उपाध्याय, डॉ श्वेता पौल, डॉ डॉ महेंद्र बोरा, डॉ कल्पना, डॉ निवेदिता, डॉ गौरव बिष्ट , डॉ धनंजय भट्ट, डॉ स्वाति भट्ट, डॉ नीतू भट्ट आदि ने परामर्श दिया। शिविर में निशुल्क दवाओं का वितरण भी हुआ। शिविर संचालन में अंकिता जोशी, दिनेश सनवाल , हिताक्षी, निकिता, हेमा, रेखा, प्रभा व संजीव ने सहयोग किया।

# चार फरवरी को होगी क्षेत्र पंचायत गदरपुर की बैठक

गदरपुर। क्षेत्र पंचायत गदरपुर की तृतीय बैठक आगामी 4 फरवरी 2026 (बुधवार) को विकास खंड गदरपुर के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा। बैठक में जनपद उधमसिंहनगर के विभिन्न विभागों से संबंधित विकास योजनाओं एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक का एजेंडा व्यापक रखा गया है, जिसमें सिंचाई, विद्युत, शिक्षा, पेयजल, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण, राजस्व, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, पशुपालन, सहकारिता, ग्रामीण निर्माण, उद्योग, पंचायत राज, युवा कल्याण, समाज कल्याण, सूचना, स्वच्छता, भारतीय संचार निगम सहित कुल 36 विभागों से संबंधित विषय शामिल किए गए हैं। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की समस्याएं एवं विकास प्रस्ताव विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखे जाएंगे। इसके साथ ही पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों की प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, खंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी, माननीय विधायक गदरपुर व रुद्रपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए हैं।

# स्थायी जाति प्रमाण पत्रों की जांच में फर्जीवाड़ा उजागर, चार प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में तहसील गदरपुर में स्थायी जाति प्रमाण पत्रों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में संयुक्त जांच के दौरान चार जाति प्रमाण पत्रों में कूट रचित दस्तावेज एवं भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के तथ्य संज्ञान में आए हैं। प्रशासन द्वारा की गई संयुक्त जांच में जिन व्यक्तियों के प्रमाण पत्रों में अनियमितता पाई गई है, उनमें कुमारी सोनम आल्वी, साहिल पुत्र मोहम्मद हनीफ, कुमारी शर्मा पुत्री हनीफ, समीर पुत्र हनीफ, सभी निवासी लंगड़ाभोज वरीराई, तहसील गदरपुर, के नाम शामिल हैं। जांच के उपरांत तैयार की गई संयुक्त जांच आख्या दिनांक 30 जनवरी 2026 को जिला स्क्रूटनी समिति के माध्यम से इन चारों स्थायी जाति प्रमाण पत्रों को निरस्त किए जाने की संस्तुति सहित जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित कर दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शासन के निर्देशों के अनुसार जाति प्रमाण पत्रों की जांच प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और यदि किसी अन्य मामले में भी फर्जीवाड़ा सामने आता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भूमाफियाओं की हनक बरकरार, प्रशासन का चाबुक बेदम

## अबूझ पहेली बने हैं संपत्ति विवाद के अधिकांश मामले

काशीपुर। संपत्ति विवाद के अधिकांश मामले यहां आज भी अबूझ पहेली बने हैं। किसान सुखवंत की मौत के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डीजीपी व निजी सचिव को लंबित पड़े संपत्ति विवाद के मामलों को एक माह के भीतर सुलझाने के निर्देश दिए थे लेकिन विवादित मामलों का निपटारा होने की बजाय फेहरिस्त लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों 4 करोड़ की धोखाधड़ी के गंभीर मामले में काशीपुर निवासी किसान सुखवंत ने खुद को गोली से उड़ा लिया। मृतक ने सुसाइड वायरल वीडियो में दर्जनों भू माफियाओं के नाम आम करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दो उप निरीक्षक समेत तमाम पुलिस कर्मियों पर शारीरिक आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए। मृतक ने कहा कि 30 लाख रुपए की रिश्वत लेकर उसे न्याय से वंचित कर दिया गया। इस मामले की एसआईटी जांच जारी है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इस तरह की घटनाओं पर प्रशासन भविष्य में कभी सार्थक तरीके से अंकुश लगा सकेगा! क्या वर्दी पर लगे स्याह दाग उजले हो पायेंगे या फिर अनाचार, अत्याचार, धोखाधड़ी लूट खसोट कमीशनखोरी दलाली का गैर कानूनी धंधा आगे भी यूं ही जारी रहेगा। एक सर्वे के मुताबिक अकेले काशीपुर में संपत्ति विवाद के तीन दर्जन से अधिक मामले ऐसे हैं जो वर्षों से निपटारे की बाट जोह रहे हैं। समाज के बौद्धिक तबके का मानना है कि संपत्ति विवाद के मामले में यानी की धोखाधड़ी में यदि किसी भी व्यक्ति पर एक से अधिक मुकदमे दर्ज है तो उस पर तत्काल कानूनी शिकंजा कसते हुए गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध कर देना चाहिए। जानकारी के मुताबिक काशीपुर में ऐसे कई लोग हैं जिन पर संपत्ति विवाद के मामलों में धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज है और वह खुली हवा में बाकायदा सांस ले रहे हैं।

## पेट्रोल पंप के करीब मिट्टी भरान, हो रही अवैध प्लाटिंग

अलीगंज रोड पर महुआखेड़ा गंज चौराहे से आगे पेट्रोल पंप के करीब एक बड़े भूभाग पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग का गैरकानूनी खेल खेला जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस गैर कानूनी खेल में संबंधित विभाग के कुछ अधिकारी भी शामिल है। अभी यहां मिट्टी भरान किया जा रहा है। मिट्टी कहां से आ रही है किसके परमिशन से आ रही है इसकी पड़ताल जारी है। अलीगंज रोड पर दर्जनों स्थानों भू-माफियाओं ने अवैध प्लाटिंग की है।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट व लूट के मामले की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दो माह पूर्व ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में स्कूटी सवार व्यक्ति से मारपीट व लूट के मामले की कोर्ट के आदेश पर रपट दर्ज कराई गई है। दर्ज रपट में सौरभ पुत्र प्रवीन शर्मा निवासी वार्ड नम्बर 2 फुलसुंगा शिव गार्डन कॉलौनी ट्रांजिट कैम्प ने सुच्चा बदमाश पुत्र अज्ञात व दो अज्ञात लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि 29 नवम्बर 2025 को रात्रि वह अपनी दुकान शिमला बहादुर से अपनी स्कूटी संख्या यूके 06बीके 8327 से अपने घर जा रहा था कि जनपद रोड़ पर सुच्चा और उसके साथ 3 अज्ञात व्यक्ति ने उसे पीछे से डंडा मारा। जब वह स्कूटी से गिरा तो उक्त लोगों ने हॉकी, लातों घुसों से उसे मारापीटा और चाकू से मारने की कोशिश की। आरोप है हमलावरों ने उसका आई फोन, एक तोले की सोने की चैन, 74000 रूपये लूट लिये। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की थाने में सूचना दी। पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को भी पकड़ा व उसका मोबाईल उक्त व्यक्ति से बरामद किया व उसे छोड़ दिया गया। पुलिस ने रपट दर्ज नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री धामी ने हरदा और भगतदा से की मुलाकात

## सीएम ने अपने खेत में उत्पादित चावल हरीश रावत को भेंट किए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता श्री हरीश रावत से उनके डिफेंस कॉलोनी देहरादून स्थित आवास पर भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री रावत का कुशलक्षेम जाना।भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री हरीश रावत के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने अपनी ओर से एक आत्मीय प्रतीक के रूप में अपने खेत में उत्पादित चावल श्री हरीश रावत को भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भेंट उत्तराखंड की कृषि परंपरा, किसानों की मेहनत और स्थानीय उत्पादों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। श्री हरीश रावत ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के इस स्नेहिल व्यवहार एवं आत्मीय भेंट के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी की यह भेंट राजनीतिक परंपराओं में आपसी सम्मान, सद्भाव और शिष्टाचार का एक सुन्दर उदाहरण है।



## पद्म भूषण सम्मान हेतु चयनित होने पर कोश्यारी को दी बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी से उनके डिफेंस कॉलोनी, देहरादून स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने श्री भगत सिंह कोश्यारी को देश के प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान हेतु चयनित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान श्री कोश्यारी के सार्वजनिक जीवन में किए गए दीर्घकालिक, समर्पित एवं राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण योगदान का उचित सम्मान है।मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री भगत सिंह कोश्यारी ने उत्तराखंड आंदोलन से लेकर राज्य के गठन, प्रशासनिक नेतृत्व और संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन तक प्रत्येक भूमिका में प्रदेश और देश को सुदृढ़ दिशा देने का कार्य किया है। उनका जीवन जनसेवा, सादगी और राष्ट्रनिष्ठा का प्रेरणास्रोत रहा है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि पद्म भूषण सम्मान से न केवल उत्तराखंड, बल्कि संपूर्ण देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने ईश्वर से श्री कोश्यारी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



# जापान को चावल और फ्रोजन उत्पादों का निर्यात करेगा केएलए ग्रुप

## जापानी प्रतिनिधिमंडल ने रुद्रपुर-किच्छा प्लांट का किया स्थलीय निरीक्षण

रुद्रपुर। उत्तराखंड की आर्थिक प्रगति और वैश्विक व्यापार के मानचित्र पर रुद्रपुर ने एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया है। प्रदेश की प्रमुख निर्यातक इकाई केएलए इंडिया पब्लिक लिमिटेड जल्द ही जापान जैसे संपन्न देश को चावल और फ्रोजन सब्जियों का निर्यात शुरू करने जा रही है। इस ऐतिहासिक व्यापारिक गठबंधन को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जापान से आए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रुद्रपुर और किच्छा स्थित कंपनी के अत्याधुनिक प्लांटों का भ्रमण किया। जापानी दल ने उत्पादों की गुणवत्ता, प्रसंस्करण तकनीक और स्वच्छता मानकों का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद संतोष व्यक्त किया है। इस भ्रमण के साथ ही उत्तराखंड से जापान के लिए खाद्य उत्पादों के निर्यात की राह प्रशस्त हो गई है।विदित हो कि केएलए ग्रुप वर्तमान में अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया के 50 से अधिक देशों को अपने उत्पादों का निर्यात कर रहा है। वर्तमान में अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए गए कतिपय प्रतिबंधों के बीच भारत अब नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पैठ बनाने की संभावनाएं तलाश रहा है। इस रणनीतिक प्रयास में केएलए इंडिया की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।केएलए कंपनी पिछले दो वर्षों से जापान के साथ व्यापारिक संबंध स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत थी। वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में चीन के साथ बढ़ते तनाव के कारण जापान वर्तमान में खाद्य आपूर्ति के लिए चीन के विश्वसनीय विकल्प की खोज में है। इसी कड़ी में केएलए के दीर्घकालिक प्रयासों के बाद जापानी कंपनी का प्रतिनिधिमंडल चावल और अन्य उत्पादों की मांग लेकर रुद्रपुर मुख्यालय पहुँचा।जापानी दल ने रुद्रपुर और किच्छा स्थित औद्योगिक इकाइयों में स्थापित अत्याधुनिक मशीनों और शोध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से चावल की पॉलिशिंग, फ्रोजन सब्जियों की ताजगी बनाए रखने वाली तकनीक और पैकेजिंग की अंतरराष्ट्रीय मानक प्रक्रिया को सराहा। जापानी विशेषज्ञों ने स्वीकार किया कि केएलए के उत्पाद उनकी कठोर गुणवत्ता कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। इस भ्रमण के पश्चात दोनों पक्षों के बीच जल्द ही चावल और फ्रोजन सब्जियों के निर्यात शुरू करने पर सहमति बनी है।जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक वार्ता के उपरांत केएलए के प्रबंध निदेशक अरुण अग्रवाल ने इस उपलब्धि को उत्तराखंड के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा जापानी दल ने हमारी तकनीक और गुणवत्ता पर पूरा भरोसा जताया है और जल्द ही बड़े ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। यह केवल व्यापारिक अनुबंध नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के किसानों और उद्योगों के लिए एक नई सुबह है। उन्होंने कहा कि जापान जैसी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ जुड़ने से भारत की निर्यात क्षमता बढ़ेगी और अमेरिका जैसे देशों पर हमारी निर्भरता कम होगी। श्री अग्रवाल ने आगे जानकारी दी कि कंपनी ने हाल ही में केन्या के साथ चावल निर्यात का एक बड़ा अनुबंध सफलतापूर्वक संपन्न किया है। अब जापान के साथ कारोबार शुरू होना भविष्य में उत्तराखंड के निर्यात जगत के लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। इससे न केवल विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।





# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कार्यालय/न्यायालय व संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी कार्यालय/न्यायालय निरीक्षण के दौरान उन्होने न्यायालय वादों को त्वरितगति से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी वादों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करें व पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने फौजदारी, राजस्व वाद, स्टांप, खनन वादों को भी त्वरित गति से निस्तरण करने के निर्देश दिये। उन्होने बोर्ड ऑफ रेवन्यू से प्राप्त वादों की जानकारी लेते हुए उन्हे त्वरित गति से निस्तारित करने तथा सही वैल्यूसन करते हुए जुर्वाना राजस्व वसूली कराने के निर्देश दिये। उन्होने रजिस्ट्रार व सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में की जा रही रजिस्ट्रीयों का भी समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान खनिज न्यास पटल व न्याय सहायक पटल के पत्रावलियों को गहनता से निरीक्षण किया। खनिज न्यास पटल के निरीक्षण के दौरान उन्होने खनन राजस्व वसूली हेतु सीआरए व खनन विभाग से आरसी का मिलान कराने के निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व व प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय को दिये। न्याय सहायक पटल का निरीक्षण के दौरान उन्होने गाड फाईल को अद्यतन करने के निर्देश दिये। उन्होने पत्रावलियों व पंजिकाओं के ठीक से रख-रखाव करने व पुराने पत्रावलियों को रिकार्ड रूम में भेजने तथा यदि कोई पत्रावलियां विडिंग योग्य है तो उनकी सूची बनाने के निर्देश भी दिये।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, ओसी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, ऋचा सिंह, मुख्य व्यक्तिक सहायक आनंद विश्वकर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गणेश आर्या, पटल सहायक देव पालनी, राहुल आर्या आदि मौजूद थे।





# रुद्रपुर और पिथौरागढ में मेडीकल कॉलेज के संचालन के लिए हस्तांतरण के आदेश जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार शासन के द्वारा राजकीय मेडीकल कॉलेज रुद्रपुर और पिथौरागढ के सुचारू संचालन के लिए जिला चिकित्सालय रुद्रपुर तथा पिथौरागढ के जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय को चिकित्सा शिक्षा विभाग को सौंपने के आदेश जारी कर दिए हैं। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री सचिन कुर्वे द्वारा इस संबंध में कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए पं. रामसुमेर शुक्ल, राजकीय मेडिकल कालेज, रुद्रपुर के संचालन हेतु जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय रुद्रपुर और राजकीय मेडिकल कालेज, पिथौरागढ के संचालन हेतु बी.डी.पाण्डेय जिला चिकित्सालय पिथौरागढ एवं महिला चिकित्सालय पिथौरागढ को चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड को हस्तान्तरित किये जाने के आदेश जारी किए हैं। यह सभी चिकित्सालय अभी तक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड के नियंत्रणाधीन थे। शासन के द्वारा जारी आदेशानुसार हस्तांतरण के बाद इन चिकित्सालयों का प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य/निदेशक के अधीन होगा। उक्त चिकित्सालय में एम.सी.आई. के मानकानुसार अवशेष वांछित उपकरणों एवं औषधियों की व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी। इन चिकित्सालयों में कार्यरत स्टाफ के वेतन का भुगतान एक वर्ष की अवधि के लिए वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जायेगा तथा एक वर्ष के उपरान्त इन चिकित्सा इकाईयों का विधिवत् संचालन पूर्णरूपेण चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

KMC

# कात्यायनी मेडिकल सेंटर, रुद्रपुर

*Comprehensive Medical Care Services under one roof, dedicated to life...*

## हॉस्पिटल में उपलब्ध विभाग एवं चिकित्सक

**कार्डियोलॉजी**
डॉ. रश्मि ज़ेवियर
एम.बी.बी.एस., एम.डी., डी.एम.

**आब्सटेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट**
डॉ. पवन प्रीत गिल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**ऑपथैल्मोलॉजी**
डॉ. विल्सन जय ज़ेवियर
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**न्यूरो सर्जन**
डॉ. निधि यादव
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच.

**सीनियर लैप्रोस्कोपिक सर्जन**
डॉ. जे.एस. गिल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**गैस्ट्रोउटरोलॉजी सर्जन**
डॉ. सहाना बी.पी.
एम.बी.बी.एस., डीएम.बी., एम.सी.एस.

**ई.एन.टी. सर्जन**
डॉ. सिमरनदीप सिंह जठोल
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी., ई.एन.टी.

**रेस्पिरेटरी मेडिसन**
डॉ. मन्दीप सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी.,
एफ.सी.सी.एस., एम.एन.ए.एम.एस.
कन्सलटेन्ट, फिजिशियन,
टी.बी. एण्ड चेस्ट स्पेशलिस्ट

**पैथोलॉजी**
डॉ. अजय अरोरा
एम.बी.बी.एस., डी.एस.पी., पैथोलॉजी
(मैनेजिंग डायरेक्टर)

**डेंटल**
डॉ. अंकिता ग्रोवर अरोड़ा
बी.डी.एस.

**एनेस्थिसियोलॉजी एवं इंटेसिविस्ट**
डॉ. दीप चिलाना
एम.डी. एनस्थेटिस्ट

**पीडियाट्रिक एवं नियोनेटोलॉजी**
डॉ. पारस गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी.

**ऑर्थोपेडिक्स**
डॉ. सौरभ अरोड़ा
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

**डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन**
डॉ. मधु सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. इंटरनल मेडिसिन

**पैथोलॉजी**
डॉ. उपासना चाचरा अरोड़ा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

**रेडियोडायग्नोसिस**
डॉ. नितिन कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (रेडियोलॉजिस्ट)

## कैशलेस TPA एवं आयुष्मान कार्ड द्वारा मुफ्त में इलाज की सुविधा

किच्छा रोड, बिगवाड़ा, रुद्रपुर, ऊ.सिं.नगर, उत्तराखण्ड-263153 सम्पर्क करें - मो0 9540022100, 7900300013, 9259538443, 9259538442

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गरीबी का दायरा

देश में सबसे निचले तबके की पांच से दस फीसद आबादी के उपभोग व्यय में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यानी इस वर्ग के लोग अपनी जरूरत के लिए विभिन्न वस्तुओं की खरीद पर अब ज्यादा खर्च करने लगे हैं। यह इस बात का संकेत है कि गरीबों की माली हालत में सुधार हुआ है। संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा रपट में गरीबी का दायरा कम होने की यह तस्वीर उकेरी गई है। इसमें कहा गया है कि सरकार के सबसिडी, पेंशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक व्यय को प्राथमिकता जैसे कदमों के परिणामस्वरूप कमजोर वर्ग अभाव से उबरे हैं।यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तस्वीर बदली है। मगर सवाल है कि गरीबी से उबरने का आकलन करने के पैमाने क्या हैं? क्या इस प्रक्रिया में सिर्फ वस्तुओं की खरीद पर खर्च बढ़ने को आधार बनाना काफी है? समीक्षा में आंकड़ों के आधार पर कहा गया है कि देश में उपभोग असमानता में कमी आई है, मगर क्या वास्तव में इसे गरीबी कम होने का सूचक माना जा सकता है?आर्थिक समीक्षा रपट के अनुसार, वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच समाज के सबसे निचले वर्ग के प्रति व्यक्ति औसत मासिक व्यय में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में देखी गई है। तर्क दिया गया है कि सरकारी नीतियों का आय वितरण पर महत्त्वपूर्ण असर हुआ है, जिससे गरीब तबके की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है। मगर इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि जिसे 'व्यय की क्षमता' बढ़ने के रूप में देखा जा रहा है, उसका आधार क्या है। इसमें दोराय नहीं कि सामान्य तौर पर किसी भी परिवार के खर्च करने की क्षमता में तभी इजाफा होता है, जब उसकी आमदनी में बढ़ोतरी होती है। इसके बिना अगर गरीब परिवारों का वस्तुओं की खरीद पर व्यय बढ़ रहा है, तो यह महंगाई और मजबूरी से उपजी परिस्थितियों का नतीजा भी हो सकता है। जाहिर है, जैसे-जैसे महंगाई बढ़ती है, वैसे-वैसे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर हर किसी को ज्यादा खर्च करना पड़ता है। इस सूरत में ऐसे परिवारों के व्यय में बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है, पर क्या इसे यह मान लिया जाए कि वे गरीबी से उबर गए हैं! यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि क्या सरकार की ओर से आवश्यक वस्तुओं की खरीद पर सबसिडी या मुफ्त राशन देने से गरीबी कम हो जाती है। और अगर देश में जमीनी स्तर पर वास्तव में गरीबी कम हो गई है, तो आज भी सरकार की ओर से करीब अस्सी करोड़ लोगों को तय मात्रा में मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है। कोविड काल में शुरू की गई इस योजना को एक जनवरी, 2024 से अगले पांच साल तक बढ़ा दिया गया। ऐसे में जरूरी है कि गरीबी को आंकड़ों के जरिए कागजों पर खत्म करने की बजाय इस दिशा में धरातल पर प्रयास किए जाएं।

# अवैध खनन पर लगी रोक तो सालाना खनन राजस्व 300 करोड़ से 1200 करोड़ के पार हुआ

देहरादून। खनन गतिविधियों को लेकर सामान्य तौर लोगों में नकारात्मक अवधारणा रहती है। लेकिन उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खनन आवंटन और खनन परिवहन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ ही अवैध खनन पर सख्ती दिखाई, इसी का नतीजा है कि डेढ़ साल से कम समय में सालाना खनन राजस्व 300 करोड़ से 1200 करोड़ के पार पहुंच गया है। प्रदेश सरकार ने सितंबर 2024 को नई खनन नीति लागू की थी। नई खनन नीति में ई नीलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन, खनन गतिविधियों की सेटेलाइट निगरानी जैसे कई नए प्रयोग किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस- प्रशासन को भी अवैध खनन पर सख्ती दिखाने के निर्देश दिए। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने



आने लगे हैं। सितंबर 2024 से पहले राज्य को खनन से सिर्फ 300 करोड़ रुपए तक ही सालाना राजस्व प्राप्त हो पाता था, लेकिन अब यह राजस्व 1200 करोड़ के पार चला गया है। यही नहीं उत्तराखंड को खनन सुधार लागू करने के लिए देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हो चुका है, जिसके फलस्वरूप केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025.26 के लिए "पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना (SASCI)" के अंतर्गत उत्तराखंड के लिए 200 करोड़ की विशेष सहायता स्वीकृत की है।इन सुधारों से बदली तस्वीर : ई नीलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन, अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई गई। खनन परिवहन के लिए माइनिंग सर्विलांस सिस्टम, खनन गतिविधियों की डिजिटल ट्रैकिंग और निरीक्षण। सीएम पुष्कर सिह धामी ने कहा कि आम लोगों को आवासीय या अन्य निर्माण के लिए खनन सामग्री की आवश्यकता होती है, साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भी खनन की आवश्यकता है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि खनन पर्यावरण के मानकों के अनुसार हो, साथ ही इसके लिए पारदर्शी तंत्र विकसित किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इससे राजस्व में भी शानदार वृद्धि हुई है, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है।

# न्यायालय का हवाला देकर सूचना का अधिकार नहीं रोका जा सकता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य सूचना आयोग ने बदरी-केदार धाम क्यूआर कोड प्रकरण की सुनवाई में फैसला देते हुए स्पष्ट किया है कि किसी मामले का न्यायालय से संबंधित होना सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना देने में बाधक नहीं है। आयोग ने बदरीनाथ कोतवाली के लोक सूचना अधिकारी को चेतावनी दी कि भविष्य में न्यायालय का हवाला देकर सूचना देने से इन्कार न किया जाए। सूचना आयुक्त कुशला नंद ने कहा कि यदि जांच पूरी हो चुकी है तो केवल प्रकरण के न्यायालय में लंबित होने के आधार पर सूचना रोकी नहीं जा सकती। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत केवल वही सूचनाएं रोकी जा सकती हैं, जिनके प्रकाशन पर न्यायालय की ओर से रोक लगाई गई हो अथवा जिनसे जांच या अभियोजन की प्रक्रिया प्रभावित होती हो। यह मामला वर्ष 2023 में बदरीनाथ व केदारनाथ धामों में लगे क्यूआर कोड से जुड़ा है। आयोग के निर्णय पर बीकेटीसी के पूर्व अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# घर के बाहर टहल रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

खटीमा। सबौरा गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब घर के बाहर टहल रही महिलाओं को पीछे से आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विमला देवी की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई, जिन्हें परिजन तत्काल उप चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में तीन अन्य महिलाएं भी गिरकर घायल हुई हैं, जिन्हें उपचार दिया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विमला देवी अपने घर के बाहर तीन अन्य महिलाओं के साथ टहल रही थीं। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने चारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीन महिलाएं कच्चे हिस्से में गिर गईं, जबकि विमला देवी पक्की सड़क पर गिर पड़ीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और बाइक सवार की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

## ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

CIN: L85110UR1995PLC008627
Regd. Office : Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand 263153
Corporate Office: Plot No 2, Block No 1, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015
Ph.: 05944-250270, 011-45642555, Fax: 05944-250269, E-mail: cs@archidply.com, Website: www.archidply.com

**EXTRACT OF UN-AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED DECEMBER 31, 2025**

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | STANDALONE | | | | CONSOLIDATED | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | | 31-Dec-25 Un-audited | 30-Sep-25 Un-audited | 31-Dec-24 Un-audited | 31-Mar-25 Audited | 31-Dec-25 Un-audited | 30-Sep-25 Un-audited | 31-Dec-24 Un-audited | 31-Mar-25 Audited |
| 1 | Total income from operations | 12146.05 | 12648.10 | 11141.70 | 46428.17 | 16799.88 | 17571.72 | 15075.63 | 55591.29 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 369.41 | 288.33 | 109.29 | 1060.99 | 382.40 | 328.13 | -208.65 | -770.81 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 230.54 | 288.33 | 109.29 | 1060.99 | 243.02 | 328.13 | -208.65 | -770.81 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 172.64 | 236.08 | 89.25 | 787.66 | 160.94 | 265.02 | -175.45 | -735.80 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) forthe period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 178.58 | 238.03 | 106.46 | 761.95 | 166.88 | 266.97 | -158.24 | -761.70 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Re.1/- each) | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (Face value of Re.10/- each) - (for continuing and discontinued operations) (not annualised) (amount in Rs.) | | | | | | | | |
| | Basic : | 0.87 | 1.19 | 0.45 | 3.97 | 0.81 | 1.33 | -0.88 | -3.70 |
| | Diluted: | 0.87 | 1.19 | 0.45 | 3.97 | 0.81 | 1.33 | -0.88 | -3.70 |

**Notes:**

1 The above extract Standalone & Consolidated un-audited financial results for quarter and nine months ended December 31, 2025 of Archidply Industries Limited ("the Company") have been reviewed by the Audit Committee and taken on record and approved by the Board of Directors of the Company at their meeting held on January 30, 2026. The Statutory Auditors of the Company have carried out Limited Review of these results and review report is unmodified.

2 The above un-audited financial results of the company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

3 Previous year/period figures has been regrouped/reclassified, wherever necessary to conform to those current year classification.

4 The full format of the results is available on the websites of the stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the company website (www.archidply.com).

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Rajiv Daga
Managing Director
DIN: 01412917

Place: New Delhi
Date : December 30, 2026

# बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा : प्रकाश शाह

## बिजली चोरी के 53 मामलों में एफआईआर दर्ज, घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ता शामिल

गदरपुर। ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने बृहस्पतिवार को गदरपुर क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ व्यापक और सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान गदरपुर नगर के पुनियानी गली, गुलरभोज रोड, पंजाबी कॉलोनी, आजादनगर, प्रेमनगर महतोष, शिव मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, मेन मार्केट सहित विभिन्न वार्डों में चलाया गया। अभियान के दौरान बिजली चोरी के कुल 53 मामले पकड़े गए, जिनमें घरेलू और व्यावसायिक दोनों श्रेणियों के उपभोक्ता शामिल हैं। विजिलेंस टीम की तहरीर पर सभी 53 आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम के पहुंचते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई लोग छतों पर चढ़कर अवैध रूप से डाली गई केबल हटाते नजर आए। जांच के दौरान सीधी चोरी, अवैध तार, मीटर से छेड़छाड़ और बिना मीटर विद्युत उपयोग जैसे गंभीर मामले सामने आए। कार्रवाई के दौरान अवैध केबल जब्त कर मीटर सील किए गए। गदरपुर उपखंड अधिकारी प्रकाश शाह ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार बिजली चोरी के मामलों में जिन 53 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें अनीसा बेगम पत्नी जाकिर, इरफान पुत्र अकबर अली, रफीक पुत्र पीर मोहम्मद, इमरान पुत्र लखराज, सनावर अतीक अहमद, फिरोज पुत्र नबी अहमद, जुल्फिकार अली पुत्र महबूब अली, साकिब पुत्र बन्ने, सुनीता पत्नी विजय कुमार, नरेन्द्र सिंह पुत्र हजारी लाल, जोगेन्द्र सिंह पुत्र ज्ञानवीर सिंह, रविन्द्र सिंह पुत्र ज्ञानेंद्र सिंह, राजीव कुमार पुत्र गुलशन कुमार, पूजा अरोड़ा पत्नी राकेश



अरोड़ा, नितिन कुमार पुत्र श्री राकेश कुमार रस्तोगी, अजीत पाल सिंह पुत्र अज्ञात, उषा रानी पत्नी जगदीश कुमार, कृष्णा सिंह पुत्र बलदेव सिंह, हुसैन पुत्र बुनियाद अली, राकेश कुमार रस्तोगी पुत्र मोहन शर्मा, जुगल किशोर पुत्र लाल चन्द्र, जुबैर पुत्र नूर हसन, प्रयागदत्त पंकज पुत्र हरनाम, मनोज सती पुत्र रामनाथ सती, शौकत अली पुत्र लतीफ,सलमा पत्नी जाकिर, रियाज पुत्र मुस्तफा अली पुत्र नासिर, अंकित कुमार पुत्र अज्ञात, नसीमा जहां पत्नी अब्दुल अली, खालिद अहमद पुत्र अज्ञात, रहीस अहमद पुत्र अहमद, मो0 आजिम पुत्र मो0 जावेद, निजामुद्दीन पुत्र जमील अहमद, जवेदा पत्नी मो0 अली, ललित मोहन पुत्र परशुरी, राकेश कुमार पुत्र तेज नारायण,नरेन्द्र सिंह पुत्र हजारी लाल, लाल चन्द्र पुत्र रोशन लाल, राजकुमार पुत्र जमुना दास, कमल भल्ला पुत्र अज्ञात, अनिल कुमार पुत्र प्रेम पाल, कुलवंत सिंह पुत्र दलिप सिंह, यूसुफ पुत्र फिरासत अली, नगमा पत्नी इरशाद अली, रिजवान अली पुत्र शराफत अली, शकील अहमद पुत्र रफी अहमद, नवाब अली पुत्र अब्दुल वाहिद,अजय कुमार पुत्र जीवन सिंह, दर्शन लाल पुत्र जमुना दास, जाफर अली पुत्र री बदरू, शहादत अली पुत्र शराफत अली,अंजली रानी पत्नी प्रभु दयाल, कबीर जहां पत्नी श्री शाहिद हुसैन विभागीय भूमिका भी सवालों में इतने बड़े पैमाने पर बिजली चोरी के मामले सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में यह चर्चा भी है कि पूर्व में विभागीय स्तर पर सख्ती नहीं होने से चोरी को बढ़ावा मिला। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अब शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है। ऊर्जा निगम की इस कार्रवाई से ईमानदार उपभोक्ताओं ने संतोष जताया है, वहीं बिजली चोरी करने वालों में भय का माहौल बना हुआ है।

# बाईक की टक्कर से राहगीर की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र के कमलवा गांजा रोड पर एक सड़क हादसे में तेज गति से जाती बाईक की टक्कर से पैदल जाते एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय इतवारी लाल के रूप में हुई है वह मूल रूप से पीलीभीत के नौगांव कल्याणपुर के निवासी थे और वर्तमान में हल्द्वानी में अपने भतीजे के साथ किराए पर रहकर खेती-बाड़ी का काम करते थे। बताया जाता है कि जब इतवारी किसी काम से पैदल बाजार जा रहे थे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। इतवारी लाल सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद बाइक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल इतवारी को उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। इतवारी लाल के भतीजे सर्वेश कुमार ने बताया कि जब वह उन्हें लेकर ऋषिकेश जा रहे थे तभी बिजनौर के नगीना के पास उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मुखानी एसओ सुशील जोशी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। तहरीर मिलते ही फरार मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :



आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# सेवा ट्रस्ट ने शव रखने को भेंट किया फ्रिजर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री रामदास सेवा ट्रस्ट द्वारा लालपुर ग्रामीण क्षेत्र के लिए अंतिम संस्कार से पूर्व शव सुरक्षित रखने के लिए फ्रिजर भेट कर सराहनीय कार्य किया गया है। ट्रस्ट के सदस्य हरविन्दर सिंह चुघ व समाजसेवी सुरजीत सिंह ग्रोवर ने बताया कि ग्राम लालपुर व आस पास के क्षेत्र में किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात उसके अंतिम संस्कार से पूर्व शव सुरक्षित रखने के लिए उपयुक्त संसाधन नहीं था। उस समस्या के समाधान के लिए शव को सुरक्षित रखने को फ्रिजर भेंट किया गया ताकि दु:खी परिवार को परेशानियों का सामना न करना पड़े। सभी ग्रामीणों ने इस नेक कार्य के लिए श्री गुरूराम दास सेवा ट्रस्ट के साथ ही हरविन्दर सिंह चुघ व समाजसेवी सुरजीत सिंह ग्रोवर का



आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सम्ता बाबा जी, गुरूद्वारा कमेटी के सदस्य गुरूचरन सिंह, अमर सिंह, पाहवा जी, ट्रस्ट के सदस्य लक्की चिलाना, सिमरन चावला, नीरज उपाध्याय, पं. जितेन्द्र शर्मा, अरूण चुघ, ग्राम प्रधान सन्नी कामरा, जेपी तिवारी, मयंक तिवारी, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे। ट्रस्ट के सदस्य हरविन्दर सिंह चुघ ने कहा कि यह सेवा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी रहेगी। उन्होंने बताया के यह संस्था हमेशा ब्लड डोनशन, वॉकर, व्हील चेयर, ऑक्सीजन सिलेंडर, मरीजों के लिए बैड व दवाईयों की सेवा भी करती रहती है।

# किच्छा चीनी मिल ने किया गन्ना मूल्य भुगतान

किच्छा। किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में किच्छा चीनी मिल ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। किच्छा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक ए. पी. बाजपेयी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय गन्ना मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मिल द्वारा दिनांक 21 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य के रूप में कुल 12 करोड़ 31 लाख 13 हजार 809 रुपये के भुगतान की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। संबंधित गन्ना समितियों के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। भुगतान विवरण के अनुसार सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड किच्छा को 9 करोड़ 10 लाख 53 हजार 764 रुपये, हल्द्वानी को 1 करोड़ 28 लाख 20 हजार 103 रुपये, पंतनगर को 1 करोड़ 36 लाख 81 हजार 172 रुपये, सितारगंज को 51 लाख 4 हजार 172 रुपये तथा गदरपुर



को 4 लाख 54 हजार 598 रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इस प्रकार पेराई सत्र के प्रारंभ दिनांक 16 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक खरीदे गए गन्ने का कुल 55.17 करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना समितियों को किया जा चुका है। अधिशासी निदेशक ने बताया कि मिल द्वारा अब तक 23.51 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे 9.84 प्रतिशत टू-डेट चीनी परता के साथ 2 लाख 29 हजार 660 कुंतल चीनी का उत्पादन हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि क्लीनिंग के बाद आज रात्रि से पुन: चीनी मिल का संचालन शुरू किया जाएगा और क्रय केंद्रों तथा गेट पर गन्ने की खरीद प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने गन्ना कृषकों से अपील की कि वे पत्ती रहित, ताजा एवं साफ-सुथरा गन्ना ही आपूर्ति करें तथा गन्ना समिति से पर्ची का एसएमएस प्राप्त होने के बाद ही छिलाई कराएं, ताकि मिल को गुणवत्तापूर्ण गन्ना मिल सके और बेहतर चीनी उत्पादन सुनिश्चित हो सके।

# दो स्थानों पर लगी आग, चार बकरियां सहित लाखों का सामान हुआ राख

किच्छा। शुक्रवार की रात्रि को किच्छा तहसील क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान पर अज्ञात कर्म से आग लगने के कारण चार बकरियां सहित लाखों रुपए का सामान आज के भेंट चढ़ गया। स्थानीय लोगों द्वारा दमकल विभाग को आज की सूचना देने पर दमकल विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज पर काबू पाने का प्रयास किया गया। ग्राम बखपुर में धर्मपाल पुत्र खेतल राम के घर में एवं गौशाला में आग लग गई जिससे गौशाला में चार बकरियां आग के भेट चढ़ गई तथा लाखों का सामान जलकर राख हो गया इसके अलावा वार्ड नंबर 7 में मैकु लाल पुत्र राजेश के घर पर अज्ञात कारणों से आग लग गई उसके यहां रखा गया कबाड़ जलकर राख हो गया किंतु घनी आबादी होने के कारण दमकल विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही किए जाने के चलते आग पर काबू पा लिया गया किंतु वहां गलियां तंग होने के कारण आग पर काबू पाने पर दमकल विभाग को मस्कत करनी पड़ी दमकल विभाग में मुख्य रूप से चालक मदन सिंह रावत फायरमैन दीपक सिंह भगवान सिंह संजय सिंह शामिल थे इसके अलावा कोतवाली



प्रभारी प्रकाश सिंह दोनों ने भी अग्निकांड की सूचना पर घटना स्थल पर जाकर जायजा लिया किच्छा में तंग रास्तों को देखते हुए अब एक छोटे आग बुझाने वाले वाहन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सामल विभाग के चालक मदन सिंह रावत ने बताया कि देर रात्रि भरतपुर में एक घर में और गौशाला में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर अग्नि सामान्य दल को साथ ले जाकर मौके पर आग बुझाने का प्रयास किया गया तथा आग पर काबू पाया गया स्थानीय लोगों द्वारा भी आग बुझाने का प्रयास किया गया किंतु आज इतनी तीव्र थी कि जब तक आग पर काबू पाया जाता गौशाला में भीषण आग लग गई तथा उसमें चार बकरियां आज की भेंट चढ़ गई इसके अलावा किच्छा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 7 में भी एक घर में आग लग गई जहां पर कबाड़ रखा हुआ था यहां पर गालियां तंग होने के कारण आग बुझाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा किंतु आज पर काबू पा लिया गया दोनों ही आगे की घटनाओं में जनहानि नहीं हुई है किंतु लाखों रुपए के सामान की क्षति हुई है जिसका आकलन किया जा रहा है उन्होंने बताया कि किच्छा क्षेत्र में जहां बड़े अग्नि शमन वाहन नहीं जा सकते वहां के लिए छोटे अग्निशमन वाहनों की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## पेज एक का शेष...

**विलुप्त होती बड़ प्रजातियों.........**मुख्यमंत्री का क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल सहित पार्टी नेताओं और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बर्ड फेस्टिवल के तहत सुबह सात बजे से ही लैंसडौन वन प्रभाग के विभिन्न चिन्हित बर्ड वॉचिंग ट्रेल्स पर पक्षी प्रेमियों की आवाजाही शुरू हो गई। दूरबीन और कैमरों के साथ पहुंचे प्रतिभागी विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के दीदार कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, इस फेस्टिवल का उद्देश्य क्षेत्र की जैव विविधता को प्रदर्शित करना, पर्यटन को बढ़ावा देना और पक्षी संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार और संरक्षण से जुड़े विषयों पर जानकारी दी जा रही है, वहीं युवाओं और छात्रों के लिए भी विशेष गतिविधियां आयोजित की गई हैं। स्थानीय प्रशासन को उम्मीद है कि इस तरह के आयोजनों से कोटद्वार और आसपास के क्षेत्रों में प्रकृति पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।दो दिनों तक चलने वाले इस बर्ड फेस्टिवल में आने वाले समय में कई और सत्र, प्रकृति भ्रमण कार्यक्रम और जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे, जिसमें देशभर से आए पक्षी प्रेमी सक्रिय भागीदारी करेंगे।

**किच्छा से करोड़ों की......**कार्यशैली में पूर्ण सामंजस्य है।आईजी रिद्धिम अग्रवाल के नेतृत्व में कुमाऊँ पुलिस योजनाबद्ध और सतर्क रणनीति के तहत नशे की जड़ों पर लगातार प्रहार कर रही है, ताकि युवाओं को इस घातक लत से बचाया जा सके और समाज को सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाया जा सके। इसी क्रम में देर सायं पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र, नैनीताल के निर्देशन में कुमाऊँ पुलिस एसओटीएफ और औषधि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अवैध दवाओं के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बीरूनगला रोड दरऊ क्षेत्र से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 01 किलो 33 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग तीन करोड़ दस लाख रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही वरिष्ठ औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला तथा प्रभारी एसओटीएफ कुमाऊँ परिक्षेत्र अपनी-अपनी टीमों के साथ थाना किच्छा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बड़िया स्थित मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच में जुटे रहे। जांच के दौरान ग्राम बड़िया रोड पर स्थित संतोष मेडिकल स्टोर की तलाशी लेने पर स्टोर के भीतर बने रैकों से बड़ी मात्रा में संदिग्ध और प्रतिबंधित दवाइयाँ बरामद की गईं। मौके पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम संतोष कुमार पुत्र हेमराज, निवासी छिनकी दरऊ, किच्छा, जिला ऊधमसिंहनगर, उम्र 26 वर्ष बताया।मौके से कुल 270 पत्ते (2160 कैप्सूल) अवैध दवाइयाँ बरामद की गईं। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली किच्छा में एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 08/22 के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।इस संयुक्त कार्रवाई में एसओटीएफ कुमाऊँ परिक्षेत्र, औषधि विभाग और कोतवाली किच्छा पुलिस टीम की भूमिका उल्लेखनीय रही, जिनकी सतर्कता, समन्वय और पेशेवर कार्यशैली के चलते नशा तस्करी के एक संगठित प्रयास का पर्दाफाश संभव हो सका।पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि कुमाऊँ परिक्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। मेडिकल स्टोर या किसी भी वैध व्यवसाय की आड़ में नशीली और प्रतिबंधित दवाओं का व्यापार करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कुमाऊँ पुलिस का यह अभियान मुख्यमंत्री धामी के नशामुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को और सशक्त करते हुए समाज में यह विश्वास भी मजबूत करता है कि कानून का हाथ लंबा है और नशे

**सड़क और निकासी को लेकर.....**आ रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए विकल्प तलाशे जा रहे हैं और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान गीता विष्ट, ऊषा देवी, सुनीता नेगी, अनीता राठौर, दीपा विष्ट, लीला नेगी, कमल देवी, आशा नेगी, ऊषा दानू, सुंदर सिंह नेगी, नारायण सिंह दानू, कमल साहनी, रमेश सिंह, गिरीश सिंह बोरा, बहादुर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**प्लांट को शिफ्ट की मांग.........**चक्रधर, विश्वजीत मंडल, कमला हालदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पीड़ितों ने एक स्वर में कहा कि जमीन नहीं देंगे, अन्याय नहीं सहेंगे और न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**रोडवेज परिसर से हटाया.....**भूमि पर नहीं रह रहे हैं। इसका उनके पास प्रमाण है जिसे वह मौके पर दिखा भी रहे हैं। परंतु उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मौके पर आई टीम ने परिवार को घर से सामान निकालने का वक्त देकर कहा कि निर्धारित समय के बाद भवन को तोड़ दिया जायेगा। जिसके बाद भवन स्वामी द्वारा सामान निकालना शुरू किया। सामान निकलने के बाद टीम ने जेसीबी की मदद से भवन को ध्वस्त कर दिया। निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि परिसर से सभी अवैध कब्जे हटने के बाद ही निर्माण कार्य तेजी से प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इस दौरान रोडवेज की आरएम पूजा जोशी, एजीएम श्रीराम कौशल, ब्रहमानन्द, राजेन्द्र कुमार, राजकुमार चौधरी, गुणवंत, एसएन पाण्डे, एसएसआई केसी आर्य, बाजार चौकी प्रभारी जितेन्द्र खत्री, एसआई मोहन चन्द्र जोशी, अनिल जोशी आदि मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# निजी स्कूल बस की टक्कर से बाईक सवार तीन युवकों की मौत

खटीमा (उद संवाददाता)। शुक्रवार की सायं ग्राम प्रतापपुर नंबर सात में निजी स्कूल की बस से हुई टक्कर में बाईक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बस



चालक मौके से फरार हो गया। मृतक तीनों युवक रिश्ते में भाई हैं। घटना से उनके परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार नानकमत्ता थाना क्षेत्र के प्रतापपुर नंबर सात निवासी 24 वर्षीय देवेंद्र सिंह पुत्र उमेश सिंह 26 वर्षीय राजेश सिंह पुत्र दर्शन सिंह और 34 वर्षीय राजेश सिंह पुत्र पंचम सिंह शुक्रवार शाम करीब सवा चार बजे झनकट से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। बाइक देवेंद्र सिंह चला रहा था। जैसे ही वे प्रतापपुर नंबर नौ के पास पहुंचेए सामने से तेज रफ्तार में आ रही नानकमत्ता स्थित एक निजी स्कूल बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। परिजनों ने बताया कि देवेंद्र सिंह और राजेश सिंह राजमिस्त्री का काम करते थेए जबकि राजेश सिंह (पुत्र दर्शन सिंह) उनके साथ मजदूरी करता था। तीनों झनकट से कुछ सामान लेकर बाइक से लौट रहे थेए तभी यह हादसा हो गया। मृतक देवेन्द्र सिंह राणा परिवार का इकलौता और अविवाहित पुत्र था। राजेश सिंह अपने पीछे पत्नी शशिकला दो पुत्रियों नौ वर्षीय रितिका व छः वर्षीय जेसिका को रोता बिलखता छोड़ गया है। वहीं मृतक राजेश उर्फ बिल्ला भी अविवाहित था। प्रतापपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र पंत ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। वहींए हादसे के बाद से बस चालक फरार हैए जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गृह विभाग ने किए 15 एएसपी और सात डीएसपी के तबादले

देहरादून। गृह विभाग ने शुक्रवार को 15 अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के तबादले किए हैं। इनमें 11 एएसपी के तबादले पदोन्नति के बाद किए गए हैं। जिनकी पिछले दिनों डीएसपी से एएसपी पर पदोन्नति हुई थी। साथ ही पुलिस मुख्यालय ने सात डीएसपी को इधर से उधर किया है। एएसपी शाहजहां अंसारी को पुलिस मुख्यालय से यातायात निदेशालय में तैनात किया गया है। एएसपी जोधराम जोशी को टिहरी से ट्रांसफर करते हुए उप सेनानायक पीएसी हरिद्वार, राजन सिंह को पुलिस मुख्यालय से एएसपी पीएसी मुख्यालय और कमला बिष्ट को सीआईडी हल्द्वानी से एएसपी ट्रेनिंग पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। इनके साथ ही पदोन्नति के बाद एएसपी दीपक सिंह को ऊधमसिंह नगर से टिहरी, विवेक कुमार को हरिद्वार से एसटीएफ, नरेंद्र पंत को हरिद्वार से इंटेलीजेंस हल्द्वानी, जूही मनराल को इंटेलीजेंस मुख्यालय से पुलिस मुख्यालय और अंकुश मिश्रा को इंटेलीजेंस मुख्यालय से पुलिस मुख्यालय में एएसपी अपराध एवं कानून व्यवस्था के पद पर तैनात किया गया है। एएसपी पूर्णिमा गर्ग को देहरादून से एएसपी कार्मिक पुलिस मुख्यालय, आशीष भारद्वाज को आईआरबी द्वितीय से सीआईडी मुख्यालय, अविनाश वर्मा को मुख्यमंत्री सुरक्षा से मुख्य सुरक्षा अधिकारी मुख्यमंत्री सुरक्षा और दीपशिखा अग्रवाल को नैनीताल से विजिलेंस हल्द्वानी ट्रांसफर किया गया है। शांतनु पाराशर एसडीआरएफ में ही अब उपसेनानायक होंगे और अनुषा बडोला एटीसी हरिद्वार में ही उपसेनानायक रहेंगी। इनके अलावा




पुलिस मुख्यालय ने जिन डीएसपी के तबादले किए हैं उनमें वंदना शर्मा को चंपावत से देहरादून (भेजा) लाया गया है। योगेश चंद को इंटेलीजेंस मुख्यालय से पुलिस मुख्यालय, ओशिन जोशी को टिहरी से सीआईडी सेक्टर देहरादून, भाष्कर लाल शाह को देहरादून से विधानसभा सुरक्षा, मनोज के असवाल को देहरादून से इंटेलीजेंस मुख्यालय, बलवंत सिंह रावत को इंटेलीजेंस मुख्यालय से अल्मोड़ा और गोपाल दत्त जोशी को अल्मोड़ा से इंटेलीजेंस मुख्यालय ट्रांसफर किया गया है।

# कैंची धाम में अनियोजित निर्माण पर 90 लोगों को नोटिस

हल्द्वानी। बाबा नीब करोरी के आश्रम कैंची धाम में अवैध और अनियोजित निर्माण कार्यों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। जिला विकास प्राधिकरण ने बिल्डिंग बायलॉज के विरुद्ध निर्माण कार्य कराने पर 90 लोगों को नोटिस जारी कर चालान किए हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि बिल्डिंग बायलॉज के खिलाफ किसी भी तरह का निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वर्ष 2022 के बाद से कैंची धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां जमीन की खरीद फरोख्त का धंधा तेजी से फला फूला और देखते ही देखते कई होटल, रिजॉर्ट्स व अन्य इमारतें खड़ी हो गई और अनियोजित तरीके से निर्माण कार्य होने लगे। कैंची धाम के जिला विकास प्राधिकरण के दायरे में शामिल होने के बाद से प्राधिकरण ने निर्माण कार्यों को लेकर सख्ती बरती है। अब यह पूरा क्षेत्र प्राधिकरण की निगरानी में है। प्राधिकरण लागू होने के बाद से अभी तक यहां 90 लोगों को बिल्डिंग बायलॉज के उल्लंघन के आरोप में नोटिस जारी कर चालान हो चुके हैं। प्राधिकरण ने क्षेत्र में अनियोजित निर्माण पर रोक लगाने के लिए दो अभियंताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। कैंची धाम क्षेत्र में भवनों के नक्शे पहले जिला पंचायत से पास होते थे। अविभाजित उत्तर प्रदेश के दौर में कुछ समय के लिए कैंची धाम को प्राधिकरण के दायरे में शामिल किया गया लेकिन तब लोगों के विरोध के चलते नवंबर 2017 में इसे प्राधिकरण से हटा दिया गया। आठ अगस्त 2024 को कैंची धाम और इसके आसपास के क्षेत्र को फिर से प्राधिकरण के दायरे में शामिल कर लिया गया। तब से यहां होने वाले निर्माण कार्यों के नक्शे पास करने का अधिकार प्राधिकरण के पास आ गया।

# युवक पर चाकू से किया हमला

हल्द्वानी। हल्द्वानी के मंगलपड़ाव पुलिस चौकी से चंद कदम दूर दुकान में घुसकर चाकू से हमले में युवक लहूलुहान हो गया। उसे तत्काल बेस अस्पताल पहुंचाया गया। उसके होंठ से लेकर नाक के पास तक 13 टांके आए हैं। घासमंडी मंगलपड़ाव निवासी विनय राजपूत (21) सब्जी मंडी में गौतम मोंगा की दुकान में काम करता है। शुक्रवार को भी वह काम पर गया था। उसने दुकान के बाहर ही अपनी स्कूटी खड़ी की थी। दोपहर में स्कूटी हटाने को लेकर किसी युवक से उसकी कहासुनी हो गई और आरोपी ने विनय पर हमला कर दिया। उसके साथ एक अन्य युवक भी शामिल था। विनय के भाई विशाल ने बताया कि हमलावर के खिलाफ मंगलपड़ाव पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि स्कूटी हटाने को लेकर हुए विवाद में युवक पर हमला करने का मामला संज्ञान में आया है, परिजनों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।






# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 28 लाभार्थियों को मिले स्वीकृति प्रमाण पत्र

गदरपुर। नगर पालिका कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत विशेष प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन पात्र परिवारों को आमंत्रित किया गया, जिनके आवास निर्माण के आवेदन सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। समारोह में प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही अधिशासी अधिकारी श्री कैलाश सिंह पटवाल सहित नगर के समस्त सम्मानित सभासद भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान योजना के अंतर्गत कुल 28 लाभार्थियों को विधिवत आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना एक पक्का मकान हो। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार इस सपने को साकार करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक



पारदर्शी तरीके से पहुंचे। प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। आज जिन 28 परिवारों को स्वीकृति पत्र प्राप्त हुए हैं, वे शीघ्र ही अपने नए घर में खुशहाल जीवन व्यतीत करेंगे। अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल ने जानकारी दी कि विभागीय जांच के बाद इन लाभार्थियों का चयन किया गया है और आगे भी यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में सभासद सचिन गुप्ता, परमजीत सिंह, रमन छाबड़ा, मुकेश चावला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर एवं ग्रामीण मंडल के सभी मोर्चा अध्यक्षों की हुई घोषणा

## विशाल गुप्ता बने युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं कविता मान को मिली महिला मोर्चा की जिम्मेदारी

किच्छा। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन पर नया निर्णय लिया है तथा कई कार्यकर्ताओं को संगठन की जिम्मेवारी सौंप गई है ।जिला अध्यक्ष कमल जिंदल की संस्तुति पर किच्छा में नगर एवं ग्रामीण मंडल में भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई। किच्छा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष का दायित्व विशाल गुप्ता एवं महिला मोर्चा की जिम्मेदारी कविता मान को मिलने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया ने सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपने दायित्व एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष जिंदल की संस्तुति एवं वरिष्ठ भाजपाइयों से विचार विमर्श के बाद मंडल अध्यक्ष ने विशाल गुप्ता को युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, कविता मान को महिला मोर्चा, अमरीक सिंह को किसान मोर्चा, रितिक कश्यप को अन्य पिछड़ा वर्ग, राकेश कुमार को अनुसूचित जाति तथा इमरान को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की है। इधर जिला अध्यक्ष जिंदल की संस्तुति पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने ग्रामीण मंडल में सभी मोर्चा के अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। ग्रामीण अध्यक्ष तिवारी ने जसमीत कक्कड़ को ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष, रेनू यादव को महिला मोर्चा, जोगिंदर सिंह को किसान मोर्चा, डॉ सावन सिंह को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अमरनाथ को अनुसूचित जाति मोर्चा एवं रिहान अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा का ग्रामीण मंडल का अध्यक्ष बनाए जाने का ऐलान कर सभी को मनोनयन की बधाई दी है। सभी मोर्चा के ग्रामीण एवं नगर मंडल के अध्यक्षों की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया तथा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारीगण अपने दायित्वों का निष्ठा से पालन कर प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी को मजबूत बनाने तथा आम जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में एकजुट होकर कार्य करेंगे।